INFUSION NOTES

WHEN ONLY THE BEST WILL DO

# MPPSC-PCS

## मध्यप्रदेश लोक सेवा आयोग

### प्रारंभिक परीक्षा हेतु

भाग – 3

## भारत और मध्यप्रदेश का भूगोल

# प्रस्तावना

प्रिय पाठकों, प्रस्तुत नोट्स "**MPPSC -PCS (Madhya Pradesh Public Service Commission) (प्रारंभिक परीक्षा हेतु)**" को एक विभिन्न अपने अपने विषयों में निपुण अध्यापकों एवं सहकर्मियों की टीम के द्वारा तैयार किया गया है / ये नोट्स पाठकों को **मध्य प्रदेश लोक सेवा आयोग (MPPSC)** द्वारा आयोजित करायी जाने वाली परीक्षा "**संयुक्त राज्य / अपर अधीनस्थ सेवा (PCS)**" भर्ती परीक्षा में पूर्ण संभव मदद करेंगें **/**

**अंततः सतर्क प्रयासों के बावजूद नोट्स में कुछ कमियों तथा त्रुटियों के रहने की संभावना हो सकती है / अतः आप सूचि पाठकों का सुझाव सादर आमंत्रित हैं/**


**प्रकाशकः**

**INFUSION NOTES**

जयपुर, 302029 (RAJASTHAN)

मो : 9887809083

ईमेल : contact@infusionnotes.com

वेबसाइट : http://www.infusionnotes.com



**WhatsApp करें - https://wa.link/yqtoiy**

**Online order करें - https://bit.ly/3AAJwpU**


| | |
|---|---|
| **मूल्य : ₹** | **संस्करण : नवीनतम** |

| क्र. सं. | अध्याय | पृष्ठ सं. |
|---|---|---|
| | भारत का भूगोल | |
| 1. | सामान्य परिचय | 1-2 |
| 2. | भौगोलिक स्थिति एवं विस्तार<br>• स्थलीय सीमायें<br>• पड़ोसी देशों के मध्य सीमा विस्तार<br>• पड़ोसी देशों के साथ भारत का सीमा विस्तार व सीमा संबंधी विवाद | 2-9 |
| 3. | प्रमुख स्थलाकृतियाँ<br>• भौतिक विभाजन<br>• पर्वत एवं पहाड़ियाँ<br>• प्रमुख दर्रे<br>• मैदान<br>• पठार<br>• द्वीप समूह | 10-35 |
| 4. | जलवायु घटनाएँ<br>• मौसम तथा जलवायु में अंतर<br>• भारत की जलवायु<br>• मानसून का आगमन<br>• अल - नीनो , ला - नीना<br>• दक्षिणी दोलन, पश्चिमी विक्षोभ<br>• कोपेन का जलवायु वर्गीकरण<br>• जलवायु परिवर्तन के परिणाम | 36-56 |
| 5. | वन संसाधन<br>• सदाबहार वन<br>• पतझड़ी या मानसूनी वन<br>• शुष्क वन<br>• मरूस्थलीय वन<br>• ज्वारीय वन<br>• पर्वतीय वन<br>• सामाजिक वानिकी के उद्देश्य | 56-63 |
| 6. | कृषि | |

| | | |
|---|---|---|
| | • कृषि के प्रकार<br>• भारत की फसल ऋतुएँ<br>• प्रमुख फसलें | 64-76 |
| 7. | जल संसाधन<br>• पृथ्वी पर जल का वितरण<br>• वर्षा जल संग्रहण एवं संरक्षण<br>• राष्ट्रीय जल नीति | 76-79 |
| 8. | खनिज संसाधन<br>• भारत में खनिजों का वितरण | 79-84 |
| 9. | ऊर्जा संसाधन<br>• ऊर्जा के परंपरागत स्त्रोत<br>• गैर-परम्परागत ऊर्जा स्रोत<br>• ऊर्जा से संबंधित प्रमुख योजनाएँ | 85-91 |
| 10. | उद्योग<br>• भारत के प्रमुख उद्योग | 91-101 |
| 11 | भारत में प्राकृतिक खतरे एवं भूकंप<br>• प्राकृतिक आपदाएं | 102-104 |
| 12. | भारतीय जनगणना<br>• जनसंख्या वृद्धि, वितरण, घनत्व, प्रवास | 105-109 |
| | **<u>मध्यप्रदेश का भूगोल</u>** | |
| 1. | मध्यप्रदेश : स्थिति एव विस्तार | 110-111 |
| 2. | मध्यप्रदेश के भौतिक प्रदेश<br>• पर्वत, पठार, मैदान<br>• मध्य भारत का पठार | 112-115 |
| 3. | मध्यप्रदेश के वन एवं वनोपज<br>• वन रिपोर्ट- 2021<br>• मध्यप्रदेश वन प्रशासन<br>• वनों का वर्गीकरण<br>• मध्यप्रदेश वन नीति | 116-119 |
| 4. | मध्यप्रदेश की नदियाँ एवं जल संसाधन | |

| | | |
|---|---|---|
| | • गंगा अपवाह तंत्र<br>• नर्मदा अपवाह तंत्र<br>• ताप्ती अपवाह तंत्र<br>• गोदावरी अपवाह तंत्र<br>• माही अपवाह तंत्र | 119-123 |
| 5. | मध्यप्रदेश के पर्वत एवं श्रृंखलाएं<br>• मध्यप्रदेश के प्रमुख पर्वत | 124-125 |
| 6. | मध्यप्रदेश की जलवायु<br>• तापमान<br>• जलवायु को प्रभावित करने वाले कारक<br>• मध्यप्रदेश की ऋतुएँ<br>• मध्यप्रदेश में वर्षा का वितरण | 125-127 |
| 7. | मध्यप्रदेश के खनिज संसाधन<br>• मध्यप्रदेश में खनिज<br>• मध्यप्रदेश में खनिजों का वितरण<br>• मध्यप्रदेश खनिज नीति | 128-131 |
| 8. | मध्यप्रदेश की प्रमुख सिंचाई एवं विद्युत योजना<br>• मध्यप्रदेश की सिंचाई और नदी घाटी परियोजना | 131-133 |
| 9. | मध्यप्रदेश में कृषि<br>• मध्य में कृषि विकास योजनाएँ एवं संस्थाएँ<br>• मध्यप्रदेश में कृषि विभागीय ढाँचा<br>• मध्यप्रदेश में प्रमुख फसलें | 134-136 |
| 10. | मध्यप्रदेश के राष्ट्रीय उद्यान | 137-138 |
| 11. | ऊर्जा के पारंपरिक और गैर पारंपरिक स्रोत | 138-143 |
| 12. | मध्यप्रदेश के प्रमुख उद्योग | 143-145 |
| 13. | मध्यप्रदेश की जनसंख्या<br>• वृद्धि, वितरण, घनत्व, नगरीकरण | 145-151 |

# भारत का भूगोल

## अध्याय – 1

## सामान्य परिचय

- **अर्थ एवं परिभाषा :-** "ज्योग्राफी" (Geography) अंग्रेजी भाषा का शब्द है , जो ग्रीक (यूनानी) भाषा में '**ज्योग्राफिया**' (Geographia) शब्दावली से प्रेरित है । इसका शाब्दिक अर्थ "पृथ्वी का वर्णन करना है।"
- ज्योग्राफिया शब्द का सर्वप्रथम प्रयोग यूनानी विद्वान '**इरैटॉस्थनीज**' (Eratosthenes 276-194 ई . पू . ) ने किया था , इसके पश्चात विश्व स्तर पर इस पृथ्वी के विज्ञान विषय को ज्योग्राफी (भूगोल ) नाम से जाना जाने लगा ।
- यूनानी एवं रोमन अधिकांश विज्ञानों ने पृथ्वी को ' चपटा ' या ' तस्तरीनुमा ' माना, जबकि भारतीय साहित्य में पृथ्वी एवं अन्य आकाशीय पिण्डों को हमेशा ' गोलाकार ' मान कर वर्णन किया । इसलिए इस विज्ञान को ' भूगोल ' के नाम से जाना जाता है।
- भूगोल 'पृथ्वी तल' या भू तल (Earthsurface ) का विज्ञान है । इसमें स्थान ( Space ) व उसके विविध लक्षणों ( Variable Characters ), वितरणों (Distributions ) तथा स्थानिक सम्बंधों (Spatial Relations ) का मानवीय संसार ( World of man ) के रूप में अध्ययन किया जाता है ।
- "पृथ्वी तल" भूगोल की आधारशिला है , जिस पर सभी भौतिक मानवीय घटनाएँ एवं अन्तः क्रियाएँ सम्पन्न होती रही हैं । ये सभी क्रियाएँ ' समय ' एवं 'स्थान' के परिवर्तनशील सम्बन्ध में घटित हो रही हैं।
- पृथ्वी तल का भौगोलिक शब्दार्थ बहुत व्यापक है, जिसमें स्थल मण्डल , जल मण्डल, वायुमण्डल, जैव मण्डल, पृथ्वी पर सूर्य तथा चन्द्रमा का प्रभाव एवं पृथ्वी की गतियों का वैज्ञानिक आंकलन किया जाता है ।

  भूगोल में भौतिक एवं मानवीय पहलूओं और उनमें पारस्परिक सम्बंधों का अध्ययन किया जाता है । इसलिए प्रारम्भ से ही भूगोल विषय की दो प्रमुख शाखाएँ उभर कर आयी है ।

  (I)भौतिक भूगोल

  (ii) मानव भूगोल
- कालान्तर में विशिष्टीकरण (वर्ष 1950 के पश्चात) बढ़ने से इन दो शाखाओं की अनेक उप शाखाएँ विकसित होती गयी , जिससे विषय सामग्री एवं विषय क्षेत्र में समृद्धि आती गई ।
- ***भूगोल की प्रमुख शाखाएँ एवं उप शाखाएँ निम्नलिखित हैं :-***

| **भौतिक भूगोल** | **मानव भूगोल** |
|---|---|
| 1. भू गणित (Geodesy) | 1. आर्थिक भूगोल (Economic Geography) |
| 2. भू भौतिकी (Geophysics ) | 2. कृषि भूगोल (Agricultural Geography ) |
| 3. खगोलीय भूगोल (Astronomical Geog.) | 3. संसाधन भूगोल (Resource Geography ) |
| 4. भू आकृति विज्ञान (Geomorphology ) | 4. औद्योगिक भूगोल (Industrial Geography ) |
| 5. जलवायु विज्ञान (Climatology ) | 5. परिवहन भूगोल (Transport Geography ) |
| 6. समुद्र विज्ञान (Oceanography ) | 6. जनसंख्या भूगोल (Population Geography ) |
| 7. जल विज्ञान (Hydrology) | 7. अधिवास भूगोल (Settlement Geography )<br>(i) नगरीय भूगोल (Urban Geography )<br>(ii) ग्रामीण भूगोल (Rural Geography) |
| 8. हिमनद विज्ञान (Glaciology ) | 8. राजनीतिक भूगोल ( Political Geography) |
| 9. मृदा विज्ञान (Soil Geography) | 9. सैन्य भूगोल (Military Geography) |
| 10. जैव विज्ञान (Bio - Geography) | 10. ऐतिहासिक भूगोल (Historical Geography) |
| 11. चिकित्सा भूगोल (MedicalGeography) | 11. सामाजिक भूगोल (Social Geography) |
| 12. पारिस्थितिकी /पर्यावरण भूगोल (Ecology / Environment Geography) | 12. सांस्कृतिक भूगोल (Cultural Geography) |
| 13. मानचित्र कला (Cartography) | 13. प्रादेशिक नियोजन (Regional Planning) |
| | 14. दूरस्थ संवेदन व जी.आई.एस.(Remote Sensing and G.I.S.) |

- **अभ्यासार्थ प्रश्न**

1. **भूगोल की जिस शाखा में तापमान, वायुदाब, पवनों की दिशा एवम् गति,आर्द्रता, वायुराशियाँ, विक्षोभ आदि के विषय में अध्ययन किया जाता है , वह है-**
   (अ) खगोलीय भूगोल
   (ब) मृदा भूगोल
   (स) समुद्र विज्ञान
   (द) जलवायु विज्ञान **(द)**

2. **भूगोल की दो प्रमुख शाखाएँ हैं**
   (अ) कृषि भूगोल एवं आर्थिक भूगोल
   (ब) भौतिक भूगोल एवं मानव भूगोल
   (स) पादप भूगोल एवं जीव भूगोल
   (द) मौसम भूगोल एवं जलवायु भूगोल **(ब)**

3. **किस भूगोलवेत्ता ने भूगोल (Geography) शब्दावली का सर्वप्रथम उपयोग किया ?**
   (अ) इरेटॉस्थेनीज
   (ब) हेरेडोइस
   (स) स्ट्रैबो
   (द) टॉलमी **(अ)**

4. **पृथ्वी की आयु मानी जाती है**
   (अ) 4.8 अरब वर्ष
   (ब) 5.0 अरब वर्ष
   (स) 4.6 अरब वर्ष
   (द) 3.9 अरब वर्ष **(स)**

## अध्याय – 2

## भौगोलिक स्थिति एवं विस्तार

- आर्यों की भरत नाम की शाखा अथवा महामानव भारत के नाम पर हमारे देश का नामकरण भारत हुआ ।
- प्राचीन काल में आर्यों की भूमि के कारण यह आर्यावर्त के नाम से जाना जाता था ।
- ईरानियों ने सिन्धु नदी के तटीय निवासियों को हिन्दू एवं इस भू - भाग को हिन्दूस्तान का नाम दिया ।
- रोम निवासियों ने सिन्धु नदी को इण्डस तथा यूनानियों ने इण्डोस व इस देश को इण्डिया कहा । यही देश विश्व में आज भारत के नाम से विख्यात है ।
- भारत एशिया महाद्वीप का एक देश है, जो एशिया के दक्षिणी भाग में स्थित है तथा तीन ओर समुद्रों से घिरा हुआ है। पूरा भारत उत्तरी गोलार्द्ध में पड़ता है।
- भारत का अक्षांशीय विस्तार 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी अक्षांश तक है।
- भारत का देशान्तर विस्तार 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर तक है।
- भारत का क्षेत्रफल 32,87,263 वर्ग किमी. (1269219.34 वर्ग मील) है।

कर्क रेखा अर्थात् 23½ उत्तरी अक्षांश हमारे देश के लगभग मध्य से गुजरती है यह रेखा भारत को दो भागों में विभक्त करती है ( 1 ) उत्तरी भारत , जो शीतोष्ण कटिबन्ध में फैला है तथा ( 2 ) दक्षिणी भारत , जिसका विस्तार उष्ण कटिबन्ध है।

- भारत सम्पूर्ण विश्व का लगभग 1/46 वाँ भाग है।
- क्षेत्रफल के अनुसार रूस , कनाडा , चीन, संयुक्त राज्य अमेरिका, ब्राज़ील व ऑस्ट्रेलिया के बाद भारत का विश्व में 7वाँ स्थान है ।
- यह रूस के क्षेत्रफल का लगभग 1/5, संयुक्त राज्य अमेरिका के क्षेत्रफल का 1/3 तथा ऑस्ट्रेलिया के क्षेत्रफल का 2/5 है ।


भारत
उच्चावच
पामीर ग्रंथि
कुनलुन श्रेणी
हिंदूकुश
पाकिस्तान
सुलेमान श्रेणी
कराकोरम
लद्दाख श्रेणी
जास्कर श्रेणी
कैलाश श्रेणी
चीन
(तिब्बत)
धौलगिरी
अन्नपूर्णा
एवरेस्ट पर्वत
मकालू
कंचनजुंगा
सांग्पो नदी
नामचा बरवा
ब्रह्मपुत्र नदी
गारो खासी जयंतिया
बांग्लादेश
म्यांमार
अरावली श्रेणी
मालवा पठार
बुंदेलखंड
कैमूर श्रेणी
विंध्य श्रेणी
नर्मदा नदी
सतपुड़ा श्रेणी
छोटा नागपुर का पठार
ताप्ती नदी
महादेव पहाड़ियाँ
अजंता श्रेणी
गोदावरी नदी
चिल्का झील
महेंद्रगिरि
(1,501)
बंगाल की खाड़ी
अरब सागर
नीलगिरि पहाड़ियाँ
कावेरी नदी
अनाईमलाई
अनाई मुडी
मन्नार की खाड़ी
लक्षद्वीप
(भारत)
अंडमान और निकोबार द्वीप समूह
(भारत)
अंडमान सागर
हिंद महासागर
समुद्रतल से 900 मी. की ऊँचाई
600 - 900 मी.
300 - 600 मी.
0 - 300 मी.
शिखर
पर्वत श्रेणी
0 200 400 600 कि.मी.

कर्क रेखा भारत के आठ राज्यों क्रमशः गुजरात, राजस्थान, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड, प. बंगाल, त्रिपुरा व मिजोरम है।

**NOTE-** राजस्थान की राजधानी जयपुर, त्रिपुरा की राजधानी अगरतला व मिजोरम की राजधानी आइजोल कर्क रेखा के उत्तर में तथा शेष राज्यों की राजधानियाँ दक्षिण में स्थित है।

**NOTE –** मणिपुर कर्क रेखा के सर्वाधिक उत्तर में स्थित है।

**प्रश्नः- निम्न में से कौन सा भारत का राज्य कर्क रेखा के उत्तर में स्थित है ?**

**(1) त्रिपुरा (2) मणिपुर**

**(3) मिजोरम (4) झारखण्ड**

**उत्तर :- (2)**

**NOTE-** कर्क रेखा राजस्थान से न्यूनतम व मध्यप्रदेश से सर्वाधिक गुजरती है।

- भारत का आकार जापान से नौ गुना तथा इंग्लैण्ड से 14 गुना बड़ा है ।
- जनसंख्या की दृष्टि से संसार में भारत का चीन के बाद दूसरा स्थान है।
- विश्व का 2.4% भूमि भारत के पास है जबकि विश्व की लगभग 17.5% (वर्ष 2011 के अनुसार) जनसंख्या भारत में रहती है।
- भारत के उत्तर में नेपाल, भूटान व चीन, दक्षिण में श्रीलंका एवं हिन्द महासागर, पूर्व में बांग्लादेश, म्यांमार एवं बंगाल की खाड़ी तथा पश्चिम में पाकिस्तान एवं अरब सागर है।
- भारत को श्रीलंका से अलग करने वाला समुद्री क्षेत्र मन्नार की खाड़ी (Gulf of Mannar) तथा पाक जलडमरूमध्य (Palk Strait) है।
- प्रायद्वीप भारत (मुख्य भूमि) का दक्षिणतम बिन्दु - कन्याकुमारी के पास केप कोमोरिन (तमिलनाडु) है।
- भारत का सुदूर दक्षिणतम बिन्दु - इन्दिरा प्वाइंट (ग्रेट निकोबार में है)।
- भारत का उत्तरी अन्तिम बिन्दु- इंदिरा कॉल (लद्दाख) है ।
- भारत का मानक समय (Indian Standard Time) इलाहाबाद के पास नैनी से लिया गया है। जिसका देशान्तर 82°30 पूर्वी देशान्तर है। (वर्तमान में मिर्जापुर) यह ग्रीनविच माध्य समय (GMT) से 5 घण्टे 30 मिनट आगे है। यह मानक समय रेखा भारत के 5 राज्यों क्रमशः उत्तरप्रदेश, मध्यप्रदेश, छत्तीसगढ़, ओडिशा व आंध्रप्रदेश है।
- कर्क रेखा व मानक रेखा छत्तीसगढ़ राज्य में एक दुसरे को काटती है।
- भारत की लम्बाई उत्तर से दक्षिण तक 3214 किमी. तथा पूर्व से पश्चिमी तक 2933 किमी. है।
- भारत की समुद्री सीमा मुख्य भूमि, लक्षद्वीप और अण्डमान तथा निकोबार द्वीपसमूह की तटरेखा की कुल लम्बाई 7,516.6 कि.मी है जबकि स्थलीय सीमा की लम्बाई 15,200 किमी. है। भारत की मुख्य भूमि की तटरेखा 6,100 किमी. है।

- भारत की तटीय / समुद्री सीमा = तट रेखा की लम्बाई 7516.6 मुख्य भूमि की तटरेखा 6,100 किमी. है।
- कुल राज्य = 9 [ i. पश्चिमी तट के राज्य- गुजरात (राज्यों में सबसे लंबी तट रेखा), महाराष्ट्र, गोवा (राज्यों में सबसे छोटी तट रेखा), कर्नाटक व केरल ii. पूर्वी तट के राज्य प. बंगाल, ओडिशा, आंध्रप्रदेश, तमिलनाडु ]
- कुल केंद्र शासित प्रदेश= अंडमान निकोबार (सर्वाधिक), लक्षद्वीप, दमन व दीव तथा (न्यूनतम) पुद्दुचेरी

- भारत के 16 राज्य व 2 केंद्र शासित प्रदेश अंतर्राष्ट्रीय सीमा बनाते है ।

**देश की चतुर्दिक सीमा बिन्दु**

- दक्षिणतम बिन्दु - इन्दिरा प्वाइंट (ग्रेट निकोबार द्वीप)
- उत्तरी बिन्दु- इन्दिरा कॉल (लद्दाख)
- पश्चिमी बिन्दु- गोहर माता (गुजरात)
- पूर्वी बिन्दु- किबिथु (अरुणाचल प्रदेश)
- मुख्य भूमि की दक्षिणी सीमा- कन्याकुमारी के पास केप कोमोरिन (तमिलनाडु)

| **स्थलीय सीमाओं पर स्थित भारतीय राज्य** | |
|---|---|
| पाकिस्तान (4) | गुजरात, राजस्थान, पंजाब, जम्मू और कश्मीर, लद्दाख |
| अफगानिस्तान (1) | लद्दाख |
| चीन (5) | लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, अरुणाचल प्रदेश |
| नेपाल (5) | उत्तर प्रदेश, उत्तराखंड, बिहार, पश्चिम बंगाल, सिक्किम |
| भूटान (4) | सिक्किम, पश्चिम बंगाल, असम, अरुणाचल प्रदेश |
| बांग्लादेश (5) | पश्चिम बंगाल, असम, मेघालय, त्रिपुरा, मिजोरम |
| म्यांमार (4) | अरुणाचल प्रदेश, नागालैण्ड, मणिपुर, मिजोरम |

| **पड़ोसी देशों के मध्य सीमा विस्तार** | |
|---|---|
| भारत - बांग्लादेश सीमा | 4096.7 किमी. |
| भारत-चीन | 3488 किमी. |
| भारत-पाक सीमा | 3323 किमी. |
| भारत - नेपाल सीमा | 1751 किमी. |



INFUSION NOTES WHEN ONLY THE BEST WILL DO

लाल बहादुर शास्त्री और पाकिस्तान के प्रधानमंत्री अयूब खान के बीच हुआ था।

✓ **शिमला समझौता 1972**

वर्ष 1971 में हुए भारत - पाकिस्तान युद्ध के बाद शिमला समझौता हुआ था। ये समझौता 2 जुलाई, 1972 को हुआ था। दरअसल 1971 के भारत - पाकिस्तान युद्ध के दौरान क़रीब 90 हज़ार सैनिकों को भारत ने बंदी बनाया था और पाकिस्तान के लम्बे भूभाग पर भारत ने कब्ज़ा भी कर लिया था। इस सब के परिणामस्वरूप तत्कालीन भारतीय प्रधानमंत्री इंदिरा गांधी और पाकिस्तान के राष्ट्रपति जुल्फ़िकार अली भुट्टो के बीच शिमला समझौता हुआ था।

**4. भारत – नेपाल**

✓ भारत के 5 राज्य उत्तराखंड, उत्तरप्रदेश (सर्वाधिक), बिहार, सिक्किम (न्यूनतम) व प. बंगाल नेपाल के साथ सीमा बनाते है।

✓ **कालापानी व सुस्ता क्षेत्र विवाद**

नेपाल के विदेश मंत्रालय के अनुसार, संगोली संधि (वर्ष 1816) के तहत काली (महाकाली) नदी के पूर्व के सभी क्षेत्र, जिनमें लिम्पियाधुरा (Limpiyadhura), कालापानी (Kalapani) और लिपुलेख (Lipulekh) शामिल हैं, नेपाल का अभिन्न अंग हैं। भारत के अनुसार, यह क्षेत्र उत्तराखंड के पिथौरागढ़ ज़िले का हिस्सा है जबकि नेपाल इस क्षेत्र को धारचूला ज़िले का हिस्सा मानता है।

जब भारत-नेपाल सीमा का 98% सीमांकन किया गया था, तो दो क्षेत्रों- सुस्ता और कालापानी में यह कार्य अपूर्ण रहा। वर्ष 2019 में नेपाल ने एक नया राजनीतिक मानचित्र जारी करते हुए उत्तराखंड के कालापानी, लिंपियाधुरा एवं लिपुलेख और बिहार के पश्चिमी चंपारण ज़िले के सुस्ता क्षेत्र पर अपना दावा जताया।

**5. भारत – म्यांमार**

भारत के 4 राज्य अरुणाचल प्रदेश (सर्वाधिक), नागालैण्ड, मणिपुर व मिजोरम के साथ सीमा बनाते है।

**रोहिंग्या** - रोहिंग्या म्यांमार के उत्तर में स्थित रखाइन प्रांत में निवास करने वाली एक जाति है जिसे बौद्धों द्वारा समर्थित सुरक्षा बल रोहिंग्याओं को प्रताड़ित करते हैं। इन अभियानों में अब तक कम-से-कम 1000 लोग मारे जा चुके हैं और तीन लाख से अधिक लोग अपने घरों से बेदखल होकर देश छोड़कर भागने के लिये मजबूर हो गए।

**6. भारत – भूटान**

भारत के 4 राज्य सिक्किम (न्यूनतम), प. बंगाल, असम (सर्वाधिक) व अरुणाचल प्रदेश भूटान के साथ सीमा बनाते हैं।

- क्षेत्रफल की दृष्टि से राजस्थान भारत का सबसे बड़ा राज्य है। जो भारत के कुल क्षेत्रफल का 10.41% है। जनसंख्या की दृष्टि से उत्तर प्रदेश देश का सबसे बड़ा राज्य है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से गोवा भारत का सबसे छोटा राज्य है।

| **शीर्ष पाँच क्षेत्रफल वाले राज्य** | |
|---|---|
| **राज्य** | **क्षेत्रफल वर्ग किमी.** |
| राजस्थान | 342239 |
| मध्यप्रदेश | 308245 |
| महाराष्ट्र | 307713 |
| उत्तर प्रदेश | 240928 |
| गुजरात | 196024 |

| **शीर्ष पाँच भौगोलिक क्षेत्र वाले जिले भारत में** | |
|---|---|
| **जिला** | **क्षेत्रफल वर्ग किमी.** |
| कच्छ | 45652 |
| लेह | 45110 |
| जैसलमेर | 38428 |
| बाड़मेर | 28387 |
| बीकानेर | 27284 |

- जनसंख्या की दृष्टि से सिक्किम भारत का सबसे छोटा राज्य है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से अण्डमान-निकोबार द्वीप समूह सबसे बड़ा केन्द्र-शासित प्रदेश है।
- क्षेत्रफल की दृष्टि से लक्षद्वीप सबसे छोटा केन्द्र -शासित प्रदेश है।
- जनसंख्या की दृष्टि से दिल्ली सबसे बड़ा केन्द्र शासित प्रदेश है।
- जनसंख्या की दृष्टि से लक्षद्वीप सबसे छोटा केन्द्र शासित प्रदेश है।
- उत्तर प्रदेश की सीमा सबसे अधिक राज्यों (8) को छूती है- उत्तराखंड, हिमाचल प्रदेश, हरियाणा, राजस्थान, मध्य प्रदेश, छत्तीसगढ़, झारखण्ड एवं बिहार।
- भारत में सर्वाधिक नगरों वाला राज्य उत्तर प्रदेश है जबकि मेघालय में सबसे कम नगर हैं।
- भारत में सर्वाधिक नगरीय जनसंख्या वाला राज्य महाराष्ट्र है जबकि सबसे कम नगरीय जनसंख्या सिक्किम में है।

| **प्रमुख चैनल / जलडमरूमध्य** | |
|---|---|
| **विभाजित स्थल खण्ड** | **चैनल / खाड़ी / स्ट्रेट** |
| इन्दिरा प्वाइंट-इण्डोनेशिया | ग्रेट चैनल |
| लघु अंडमान-निकोबार | 10° चैनल |
| मिनीकॉय-लक्षद्वीप | 9° चैनल |
| मालदीव-मिनीकाय | 8° चैनल |
| भारत-श्रीलंका | पाक जलडमरूमध्य |

- **अभ्यासार्थ प्रश्न**

1. **भारत का अक्षांशीय व देशांतरिय विस्तार क्रमशः है-**
(A) 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी आक्षांश तथा 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पश्चिमी देशान्तर तक
(B) 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' उत्तरी आक्षांश तथा 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर तक
(C) 8°4' उत्तरी अक्षांश से 37°6' दक्षिणी आक्षांश तथा 68°7' पूर्वी देशान्तर से 97°25' पूर्वी देशान्तर तक
(D) 68°7' उत्तरी अक्षांश से 97°25' उत्तरी आक्षांश तथा 8°4' पूर्वी देशान्तर से 37°6' पूर्वी देशान्तर तक
**उत्तर - (B)**

2. **कर्क रेखा भारत के कितने राज्यों से होकर गुजरती है?**
(A) 5 (B) 6
(C) 7 (D) 8
**उत्तर - (D)**

3. **भारत के किस राज्य की सीमा नेपाल के साथ सीमा नहीं बनाती है?**
(A) पश्चिम बंगाल (B) सिक्किम
(C) बिहार (D) हिमाचल प्रदेश
**उत्तर - (D)**

4. **प्राचीन भारतीय भौगोलिक मान्यता के अनुसार भारतवर्ष किस द्वीप का अंग था ?**
(A) पुष्कर द्वीप (B) जम्बू द्वीप
(C) कांच द्वीप (D) कुश द्वीप
**उत्तर - (B)**

5. **भारतीय भूभाग का कुल क्षेत्रफल लगभग है-**
(A) 32,87,263 वर्ग किमी.
(B) 1269219.34 वर्ग मील
(C) 32,87,263 वर्ग एकड़
(D) A व B दोनों
**उत्तर - (D)**

6. **भारत और श्रीलंका को अलग करने वाली जलसंधि है-**
(A) कुक जलसंधि (B) मलक्का जलसंधि
(C) पाक जलसंधि (D) सुंडा जलसंधि
**उत्तर - (C)**

7. **किस भारतीय राज्य की सीमा सर्वाधिक राज्यों की सीमा को स्पर्श करती है?**
(A) मध्य प्रदेश (B) असम
(C) उत्तर प्रदेश (D) आन्ध्र प्रदेश
**उत्तर - (C)**

8. **निम्नलिखित प्रमुख भारतीय नगरों में से कौन-सा एक सबसे अधिक पूर्व की ओर अवस्थित है?**
(A) हैदराबाद (B) भोपाल
(C) लखनऊ (D) बैंगलुरु
**उत्तर - (C)**

9. **भारत के किस प्रदेश की सीमाएं तीन देशों क्रमशः नेपाल, भूटान एवं चीन से मिलती हैं?**
(A) अरुणाचल प्रदेश (B) मेघालय
(C) पश्चिम बंगाल (D) सिक्किम
**उत्तर - (D)**

10. **भारत के कितने राज्यों से समुद्र तटरेखा संलग्न है?**
(A) 7 (B) 8
(C) 9 (D) 10
**उत्तर - (C)**

11. **निम्न नगरों में से कौन-सा कर्क रेखा के निकटतम है ?**
(A) कोलकाता (B) दिल्ली
(C) जोधपुर (D) नागपुर
**उत्तर - (A)**

12. **निम्नलिखित में से किस द्वीप युग्म को 10 डिग्री चैनल अलग करता है ?**
(A) दक्षिणी अंडमान तथा लिटिल अंडमान
(B) लक्षद्वीप एवं मिनिकाय
(C) छोटा अंडमान तथा कार निकोबार
(D) पंबन तथा मन्नार
**उत्तर - (C)**

13. **भारतीय मानक समय (IST) निम्नलिखित स्थानों में से किसके समीप से लिया जाता है -**
(A) लखनऊ (B) इलाहाबाद (नैनी)
(C) मेरठ (D) मुजफ्फरनगर
**उत्तर - (B)**

14. **यदि अरुणाचल प्रदेश में सूर्योदय 5.00 बजे प्रातः (IST) पर होता है, तो गुजरात में काण्डला में सूर्योदय किस समय (IST) पर होगा ?**
(A) लगभग 6.00 प्रातः
(B) लगभग 5.30 प्रातः
(C) लगभग 7.00 प्रातः
(D) लगभग 7.30 प्रातः
**उत्तर - (C)**

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO




चित्र – पर्वत निर्माण प्रक्रिया

1. **हिमालय का विस्तार व स्थिति**

- हमारे देश की उत्तरी सीमा पर हिमालय पर्वत पश्चिम से पूर्व की ओर एक वृहत् चाप के रूप में 5 लाख वर्ग किलोमीटर क्षेत्र में फैला है ।
- लम्बाई = 2500 किलोमीटर
- चौड़ाई= 400 किलोमीटर (जम्मू कश्मीर व लद्दाख में)
  = 160 किलोमीटर (मध्यवर्ती भाग में)
  = 20-25 किलोमीटर (पूर्वी हिमालय में
- ऊँचाई= उत्तरी हिमालय औसतन 5000-6000 मीटर
  = मध्य हिमालय औसतन 1800- 3000 मीटर
  = शिवालिक हिमालय औसतन 1200- 1800 मीटर
- इन नवीन मोड़दार पर्वत श्रेणियों की चौड़ाई पूर्व से पश्चिम की ओर बढ़ती जाती है, लेकिन ऊँचाई कम होती जाती है ।
- यह पर्वत श्रृंखला कई श्रेणियों से बनी है । इन श्रेणियों के मध्य में पठार तथा घाटियाँ मिलती हैं।
- इन श्रेणियों का ढाल भारत की ओर तीव्र तथा तिब्बत की ओर धीमा है ।
- हिमालय का विस्तार पश्चिम में नंगा पर्वत (POK क्षेत्र) से लेकर पूर्व में नामचा बरवा पर्वत (अरुणाचल प्रदेश) तक है ।
- हिमालय का विस्तार पश्चिम में सिंधु नदी से लेकर पूर्व मे ब्रह्मपुत्र नदी तक है । हिमालय का देशांतरिय विस्तार $74^0$ - $96^0$ पूर्वी देशांतर तक है।
- हिमालय का विस्तार मुख्यतः भारत के 8 राज्यों/ केंद्र शासित प्रदेशों (जम्मू कश्मीर, लद्दाख, हिमाचल प्रदेश, उत्तराखंड, सिक्किम, प. बंगाल, असम व अरुणाचल प्रदेश ) तथा 4 देशों भारत, नेपाल, भूटान व चीन में है ।



- सियाचिन (72 km)
- बाल्टोरों - (58km)
- बीयाफो – 63 km
- हिस्पर (61 Km)

**(B) <u>लद्दाख श्रेणी</u> –**

- विश्व की सबसे तीव्र ढलान वाली चोटी राकापोशी (7788मी.) लद्दाख श्रेणी पर ही स्थित है ।
- लद्दाख श्रेणी दक्षिण पूर्व की ओर कैलाश श्रेणी के रूप में स्थित है।
- यह श्रेणी सिन्धु नदी व इसकी सहायक नदी के बीच जल विभाजक का कार्य करती है।
- इस श्रेणी में भारत का सबसे ऊँचा पठार '' लद्दाख का पठार'' स्थित है इसी पठार पर भू तापीय ऊर्जा के लिए प्रसिद्ध पूंगा घाटी स्थित है ।
- यह भारत का न्यूनतम् वर्षा वाला क्षेत्र द्रास स्थित है ।
- इसका सर्वोच्च शिखर माउंट कैलाश है ।
- इस क्षेत्र में अलवणजल की झीलें जैसे- डल और वुलर तथा लवणजल झीलें जैसे- पैंगोंग सो (गलवान घाटी के नजदीक यह विश्व की सबसे ऊँची खारे पानी की झील है) और सोमुरीरी भी पाई जाती हैं ।

**(C) <u>जास्कर श्रेणी</u> -**

- यह लद्दाख हिमालय के समांतर दक्षिणी दिशा में स्थित हैं।
- नंगा पर्वत इस पर्वत श्रेणी की सबसे ऊँची चोटी है।
- लद्दाख व जास्कर श्रेणीयों के बीच से ही सिन्धु नदी बहती है।
- इस श्रेणी में श्योक नदी प्रवाहित होती है।

**<u>उत्तरी हिमालय वृहत् या हिमाद्रि या महान हिमालय</u> –**

- इसका विस्तार नंगा पर्वत से नामचा बरवा पर्वत तक धनुष की आकृति में फैला हुआ है जिसकी कुल लम्बाई 2500 km तक है तथा औसत ऊँचाई 5000- 6000 मी. तक है।
- उत्तरी हिमालय को भौतिक विभाजन के दृष्टिकोण से दो भागों में बाँटा जा सकता है-
- विश्व की सर्वाधिक ऊँची चोटियाँ इसी श्रेणी पर पाई जाती है जिसमें प्रमुख है-
  - माउंट एवरेस्ट (8848 मी.) विश्व की सबसे ऊँची चोटी
  - कंचनजंगा (8598 मी.)
  - मकालू (8481 मी.)
  - धौलागिरी (8172 मी.)
  - अन्नपूर्णा (8076 मी.)
  - नंदा देवी (7817 मी.)
- एवरेस्ट को पहले तिब्बत में 'चोमोलुगंमा'के नाम से जाना जाता था जिसका अर्थ 'पर्वतो की रानी'।
- एवरेस्ट, कंचनजंगा, मकालू, धौलागिरि, नंगा पर्वत, नामचा बरवा इसके महत्त्वपूर्ण शिखर है ।
- भारत में हिमालय की सर्वोच्च ऊँची चोटी कंचनजंगा यही स्थित हैं ।
- यह विश्व की तीसरी सबसे ऊँची चोटी है ।
- कश्मीर हिमालय **करेवा (karewa)** के लिए भी प्रसिद्ध है, जहाँ जाफरान (केसर की किस्म)की खेती की जाती है।
- वृहत हिमालय में जोजीला , पीर पंजाल,बनिहाल , जास्कर श्रेणी में फोटुला और लद्दाख श्रेणी में खारदुन्गला जैसे महत्त्वपूर्ण दर्रे स्थित हैं ।




सिंधु तथा इसकी सहायक नदियाँ , झेलम और चेनाब इस क्षेत्र को प्रवाहित करती हैं । यह हिमालय विलक्षण सौंदर्य और खूबसूरत दृश्य स्थलों के लिए जाना जाता है । हिमालय की यही रोमांचक दृश्यावली पर्यटकों के लिए आकर्षण का केंद्र है जिसमें प्रमुख तीर्थस्थान- जैसे वैष्णो देवी, अमरनाथ गुफ़ा और चरार - ए - शरीफ इत्यादि है।

**पश्चिमी हिमालय तथा पूर्वी हिमालय में अन्तर**

| पश्चिमी हिमालय | पूर्वी हिमालय |
|---|---|
| 1. पश्चिमी हिमालय का विस्तार अफगानिस्तान के बदख्शां से उत्तर भारत के जम्मू-कश्मीर लद्दाख और हिमाचल प्रदेश तक विस्तृत है। | 1. जबकि पूर्वी हिमालय का विस्तार पूर्वी नेपाल से पूर्वोत्तर भारत, भूटान, तिब्बत क्षेत्र व उत्तरी म्यांमार तक विस्तृत है। |
| 2. पश्चिमी हिमालय की ऊँचाई में वृद्धि धीरे-धीरे होती है। जैसे- धौलाधर, पीरपंजाल, जास्कर आदि। | 2. जबकि पूर्वी हिमालयी क्षेत्र में पर्वत शिखरों की ऊँचाई में तीव्र वृद्धि होती है। जैसे – कंजनजंगा, एवरेस्ट आदि |
| 3. इस क्षेत्र में औसत वार्षिक वर्षा 100 सेमी. से कम होती है। | 3. जबकि इस क्षेत्र में औसत वार्षिक वर्षा 200 सेमी. से अधिक होती है। |
| 4. पश्चिमी हिमालयी क्षेत्र के प्रमुख वनस्पति में शंकुधारी वन और अल्पाइन वनस्पति शामिल है। | 4. जबकि इस क्षेत्र में सदाबहार वनस्पति पायी जाती है जिसके कारण यह क्षेत्र जैवविविधता के आकर्षक केन्द्रों में से एक है। |
| 5. इस क्षेत्र के पर्वत अधिक ऊँचे होने के कारण ये परिवहन एवं अन्य आर्थिक विकास कार्यों की दृष्टि से कम उपयोगी हैं। | 5. जबकि ये पर्वत सघन वनों से ढके हैं अतः आर्थिक वृद्धि एवं परिवहन की दृष्टि से अपेक्षाकृत अधिक उपयोगी हैं। |

- **मैदान**

**उत्तरी विशाल मैदान का वर्गीकरण**

धरातलीय स्वरूप के आधार पर
1. भाबर
2. तराई
3. जलोढ़ मैदान
   - I. खादर
   - II. बांगर

भौतिक स्वरूप के आधार पर / प्रादेशिक विभाजन
1. पंजाब का मैदान
2. राजस्थान का मैदान
3. गंगा का मैदान
4. ब्रह्मपुत्र का मैदान

**I. उत्तर भारत का विशाल मैदान**

- उत्तरी मैदान का निर्माण इयोसीन काल से प्रारंभ हुआ। विभिन्न भौगोलिक हलचलों तथा नदियों द्वारा लाए गए अवसाद के कारण टेथिस सागर भरने लगा जिसके भरने से भारत के उत्तरी मैदान का निर्माण हुआ।
- यह मैदान हिमालय तथा प्रायद्वीपीय पठार के मध्य स्थित है जो लगभग 2400 km लम्बा 400 से 900 km चौड़ा है।
- इस मैदान में स्थित अवसादों की गहराई 2000 m तक है।
- इस मैदान का ढाल 25 cm से भी कम है वहीं इसकी समुद्र तल से ऊँचाई 250 - 300 m. है।

**उत्तरी मैदान के उपविभाग**

**धरातलीय स्वरूप के आधार पर** -

धरातलीय स्वरूप के आधार पर —



## द्वीपीय क्षेत्र

### बंगाल की खाड़ी के द्वीप

1. अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह
2. न्यू मुर द्वीप
3. सागर द्वीप
4. व्हीलर द्वीप (कलाम द्वीप)
5. श्री हरिकोटा द्वीप
6. पंबन द्वीप
7. कच्छातिवु द्वीप

### अरब सागर के द्वीप

1. पिरोटन द्वीप
2. दीव
3. बसीन
4. अलियाबेट
5. खादियाबेट
6. मुंबई हाई
7. हेनरे
8. केनरे
9. बुचर
10. भटकल
11. लक्षद्वीप

**श्रीहरिकोटा**

- यह आंध्रप्रदेश के तट पर स्थित है ।
- इसी द्वीप में भारत का एकमात्र उपग्रह प्रक्षेपण केंद्र 'सतीश धवन अंतिरक्ष' केंद्र स्थित हैं ।

**पंबन द्वीप**

- यह मन्नार की कड़ी में अवस्थित है
- यह 'आदम ब्रिज अथवा रामसेतु 'का ही भाग है जो भारत व श्रीलंका के बीच स्थित है
- यहीं रामेश्वरम् स्थित है ।

**न्यू मूर द्वीप**

- यह बंगाल की खाड़ी में भारत व बांग्लादेश की सीमा पर अवस्थित है जिसके कारण दोनों देशों में अधिकार को लेकर विवाद चलने के कारण बाँट लिया गया ।
- भारत के हिस्से में आए भाग का अधिकांश भाग जलमग्न रहता है ।

**अब्दुल कलाम द्वीप**

- यह ओड़िशा के तट पर स्थित हैं ।
- इसका प्रयोग भारत अपने प्रक्षेपास्त्र कार्यक्रम के परिक्षण के लिए करता हैं ।

**अण्डमान और निकोबार द्वीप समूह**

- यह द्वीप समूह बंगाल की खाड़ी में स्थित है।
- अंडमान समूह में मध्य अण्डमान (Middle Andaman) सबसे बड़ा है।
- ये द्वीप समूह देश के उत्तर-पूर्व में स्थित पर्वत श्रृंखला का विस्तार है।
- 
- उत्तर अण्डमान में स्थित कैंडल पीक (SadalesPeak) सबसे ऊँची (लगभग 737 मीटर) चोटी है।
- निकोबार समूह में ग्रेट निकोबार सबसे बड़ा है।
- ग्रेट निकोबार सबसे दक्षिण में स्थित है और इण्डोनेशिया के सुमात्रा द्वीप से केवल 147 किमी. दूर है
- बैरन (सक्रीय ज्वालामुखी) एवं नारकोंडम (मृत ज्वालामुखी) ज्वालामुखीय द्वीप हैं जो अंडमान निकोबार द्वीप समूह में स्थित है।
- दिसंबर, 2018 में भारत सरकार ने अंडमान निकोबार द्वीप समूह के कुछ द्वीपों के नए नाम दिए जो इस प्रकार है-

| पुराना नाम | नया नाम |
|---|---|
| रोश द्वीप | बोस द्वीप |
| नील द्वीप | शहीद द्वीप |
| हेवलोक द्वीप | स्वराज द्वीप |

- अंडमान निकोबार द्वीप समूह की प्रमुख जनजातियां महा अंडमानी. ओंगे, जारवा, सेंडेलिज, निकोबारी, शैम्पेन इत्यादि।
- डंकन पैसेज दक्षिण अण्डमान एवं लिटिल अण्डमान के बीच है।
- $10^0$ चैनल लिटिल अण्डमान एवं कार निकोबार के बीच है। यह अण्डमान को निकोबार से अलग करता है।

INFUSION NOTES
WHEN ONLY THE BEST WILL DO

स्थित पर्वतों की तुलना में यह पठार जून के महीने में अधिक गर्म हो जाता है।

- तिब्बत के पठार से वायु का संवहन होता है। तथा वहाँ निम्न दाब परिस्थितियों का निर्माण होता हैं, तिब्बत के पठार के ऊपर वायु एकत्रित होती है तथा उच्च वायुदाब में दक्षिण की ओर गति करने लगती है । यह वायु दक्षिण हिन्द महासागर पर अवतलित होती है । तथा वहाँ से यह मानसून पवनों के साथ भारत की ओर गति करती है । इससे मानसून की पवनों की तीव्रता बढ़ जाती है, तथा अधिक वर्षा प्राप्त होती है ।
- तिब्बत के पठार से दक्षिणी हिन्द महासागर की ओर चलने वाली वायु की एक शाखा कोरोलियस बल के कारण दायीं ओर बढ़ जाती है । जिससे पूर्व जेट स्ट्रीम का निर्माण होता है । इस पूर्व जेट स्ट्रीम के कारण हिन्द महासागर तथा भारतीय उपमहाद्वीप के बीच पाई जाने वाली दाब प्रवणता बढ़ जाती है, अधिक दाब प्रवणता के कारण मानसून पवनों की गति बढ़ जाती है, अतः तिब्बत का पठार तथा पूर्व जेट स्ट्रीम मानसून की तीव्रता को बढ़ाती है दोनों का भारतीय मानसून पर सकारात्मक प्रभाव रहता है ।




**4. जेट स्ट्रीम परिकल्पना (Jet Stream Hypothesis)**

- इस परिकल्पना के मूल में कई भौगोलिक तथ्य निहित हैं ।
- इसमें मानसून की उत्पत्ति के लिये केवल धरातलीय जलवायु दशाओं को ही उत्तरदायी नहीं मानकर क्षोभमण्डल ( Troposphere ) में वायु प्रवाह को भी महत्त्वपूर्ण माना गया है ।
- इसे उच्च स्तरीय वायु संचरण ( Upper Air Circulation ) कहा जाता है ।
- इस संचरण में वायु की एक तीव्र प्रवाह वाली धारा चलती रहती है , जिसे जेट स्ट्रीम ( Jet Stream) के नाम से जाना जाता है ।
- इस प्रकार जेट स्ट्रीम हिमालय व तिब्बत क्षेत्र में उच्चस्तरीय वायु संचरण (Upper Air Circulation) का प्रमुख अंग है ।
